तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



16 गुरुर में श्रद्धा के साथ मनाया गया श्री जगन्नाथ...



16 घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला ...








# महिला कमांडो की पहल: बालोद के सात गांव बने 'मॉडल हेलमेट ग्राम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

महिला कमांडो द्वारा किए गए पहल से बालोद जिले के 7 गांव 100 प्रतिशत हेलमेट उपयोग वाले मॉडल गांव बने।

- महिला कमांडो ने 1103 दोपहिया चालकों में सुनिश्चित कराया शत प्रतिशत हेलमेट उपयोग, आईजी ने किया सम्मानित

सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस महानिरीक्षक ने महिला कमांडो को शॉल एवं सर्च टॉर्च भेंटकर सम्मानित किया। जिसमे 73 महिला कमांडो ने 7 गांवों में घर–घर सर्वे कर 1103 दोपहिया वाहन चालकों में 100 प्रतिशत हेलमेट उपयोग सुनिश्चित किया और सात गाँवों को मॉडल हेलमेट ग्राम के रूप में विकसित कर सड़क सुरक्षा की दिशा में नई



मिसाल स्थापित की।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बालोद पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती मृत्यु दर पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने हेलमेट का नियमित उपयोग, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने तथा तेज रफ्तार से वाहन चलाने से बचने के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में महिला कमांडो टीम ने जिले के चयनित सात गाँवों में घर–घर सर्वेक्षण कर दोपहिया वाहनों एवं हेलमेट उपयोग की स्थिति का आकलन किया। जिन लोगों के पास हेलमेट नहीं थे, उन्हें व्यक्तिगत रूप से समझाइश देकर हेलमेट क्रय करने तथा ⏭ शेष पेज 14 पर

# चलती बस से महिला के बैग से जेवर पार

**बालोद**। बस के केबिन में रखे बैग से अज्ञात चोर ने एक लाख से अधिक के सोने चांदी की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम अंजोरा जिला राजनांदगांव निवासी वर्षा साहू ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर से अपने सास सुशीला बाई साहू के साथ बस से मामा के घर ग्राम सिकोसा जिला बालोद जा रहे थे, दोपहर गुण्डरदेही पहुंचे तो कंधा में सफेद साईड बैग को बस के केबिन में रख दी थी। दोपहर के आस पास ग्राम सिकोसा में उतरकर देखे तो मेरे बैग के चैन खुला हुआ था, अंदर उसमें रखे पुरानी इस्तेमाली 01 जोडी सोने का सुईधागा, 01 सोने का गुलबंध माला, 01 नग मंगलसूत्र, 06 नग सोने का गोल दाना नहीं था। कोई अज्ञात व्यक्तिं गुण्डरदेही से सिकोसा के बीच बस मे आम मुख्य मार्ग से चोरी कर ले गया। जिसकी परिवार के साथ लगातार पता तलाश किये पता नहीं चलने पर रिपोर्ट दर्ज करवा रही हूं।










## खबर संक्षेप

### निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर कल

**भिलाई।** 5 जुलाई को दोपहर 12 से 1 बजे तक सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श सेवाएं देने के लिए स्पेस्लिस्ट डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। एन आर गिलहरे ने बताया कि डॉ. जीवन लाल घीड़ले पेट, लीवर रोग विशेषज्ञ सेक्टर-9, डॉ. एडी बनर्जी छाती रोग विशेषज्ञ सेक्टर-9, डॉ. संगीता पात्रे प्रसूति, स्त्री रोग, निः संतानता विशेषज्ञ, डॉ. रितु कुर्रे चर्म रोग विशेषज्ञ निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने युवक लको गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बिजली कार्यालय के पीछे अवैध शराब बेचने वाले मीलपारा, उतई निवासी देवराज यादव को दबिश देकर पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने प्लास्टिक थैले में रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब (5.4 बल्क लीटर) तीन हजार रुपए का जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### चोरी करने वाली नौकरानी और उसका प्रेमी गिरफ्तार



**भिलाई।** मकान मालिक के घर में चोरी करने वाली नौकरानी और उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सूर्य विहार कालोनी जुनवानी निवासी रोहन कुखरानिया वृद्ध माता की देखरेख के लिए ममता चौहान को दो वर्षों से अपने घर में केयरटेकर के रूप में काम पर रखा गया था। 26 -27 जून को घर में शादी कार्यक्रम होने से परिवार के सदस्य व्यस्त थे। तभी मौका मिलने पर अलमारी में रखे नगदी राशि चोरी कर नौकारनी फरार हो गई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपीया के मोबाइल नंबर का तकनीकी जांच कर उसकी लोकेशन प्राप्त किया। प्रेमी और नौकरानी को पकड़ा गया। पूछताछ में सारागांव, जिला रायपुर निवासी प्रेमी शीतल वर्मा द्वारा पैसों की आवश्यकता होने पर चोरी किया। आरोपिया पिथौरा, जिला महासमुंद निवासी ममता चौहान ने अपने प्रेमी के साथ चोरी करना स्वीकार किया। उनके पास से पुलिस ने नगदी 23,500 और दो मोबाइल फोन जब्त किया है।

### प्रापर्टी डीलर पर चाकू से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

# विवादों में घिरे जिला ब्लड बैंक प्रभारी संविदा डॉ. जेपी मेश्राम ने छोड़ी नौकरी ?

**जिला अस्पताल में तीन दिन से अवकाश और उधर रायपुर के एक पैथॉलाजी में ज्वाइनिंग की खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला ब्लड बैंक में संविदा के रूप में पदस्थ डॉ. जेपी मेश्राम की नौकरी छोड़ने की खबर है। डॉ. मेश्राम ब्लड बैंक प्रभारी रहे हैं। उनकी रायपुर स्थित एक पैथालॉजी में ज्वाइनिंग कर लेने की चर्चा है। स्टेशन मरोदा निवासी सिकलिंग पीड़िता 22 वर्षीय दीपिका गाड़ा की मौत मामले में ब्लड बैंक प्रभारी को भी जांच कमेटी ने आरोपी बनाया था। हालांकि उन पर कार्रवाई की अनुशंसा नहीं की गई है लेकिन ब्लड बैंक प्रभारी होने की वजह से उन पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही थी। जिस दिन दीपिका की मौत हुई थी सोशल मीडिया ने जब उनसे सवाल पूछा था तो उन्होने इसे सामान्य घटना कह दिया था। वहीं सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज ने जब उनसे प्रारंभिक जानकारी मांगी तो कह दिया था कि मृतिका दीपिका के यहां से कोई परिजन ब्लड बैंक ब्लड मांगने नहीं आया था।

### ब्लड बैंक में चल रहा है डॉ. मेश्राम का अवकाश

सूत्रों के मुताबिक संविदा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मेश्राम तीन दिन से जिला ब्लड बैंक में नहीं आ रहे हैं। जिला अस्पताल प्रबंधन को अवकाश की सूचना दी है। लिखित तौर पर नौकरी छोड़ने विधिवत इस्तीफा अभी नहीं दिया है। इसलिए अस्पताल प्रबंधन भी अवकाश मान रहा है। इधर डॉ. मेश्राम से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि वे रायपुर स्थित एक लैब में ज्वाइनिंग कर चुके हैं और बकायदा सेवाएं भी दे रहे हैं।



### स्वास्थ्य संगठनों ने राज्य स्तरीय जांच की कि हैं मांग

सिकलिंग पीड़िता दीपिका की मौत मामले में जिला स्तर पर चार संविदा व एनएचएम कर्मियों पर कार्रवाई की गई है। ये चारों बर्खास्त कर दिए गए हैं। बर्खास्तगी के विरोध में स्वास्थ्य संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन इन कर्मियों की बहाली की मांग के साथ यह भी मांग की है कि इस मामले की जांच राज्य स्तर से करवाई जाए। यानी इस मामले में केवल कर्मियों को ही नहीं बल्कि डॉक्टरों को भी दोषी माना जा रहा है।

### नहीं मिला इस्तीफा

ब्लड बैंक संविदा डॉ. जेपी मेश्राम की नौकरी छोड़ने की खबर जरूर है लेकिन विधिवत इस्तीफा उनका नहीं आया है। अवकाश की सूचना उन्होने दी थी इसलिए हम अवकाश ही मानकर चल रहे हैं।

-डॉ. एके मिंज,
सिविल सर्जन

# कम बारिश से पिछड़ी बोनी, 40 हजार हेक्टेयर रकबा में बुआई कम

**पिछले साल वर्ष 2025 में 53.27% के मुकाबले इस बार केवल 25.57% क्षेत्र में बुआई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

जिले में मानसून की धीमी रफ्तार और जून के अंतिम सप्ताह तक पर्याप्त बारिश नहीं होने का असर खरीफ सीजन पर साफ दिखाई दे रहा है। कृषि विभाग की 2 जुलाई अनुसार जिले में अब तक केवल 37.818 हजार हेक्टेयर में बोनी हो सकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 78.216 हजार हेक्टेयर में बुआई पूरी हो चुकी थी। यानी एक साल में बोनी का रकबा लगभग 40.40 हजार हेक्टेयर कम है। कुल खरीफ लक्ष्य 147.920 हजार हेक्टेयर के मुकाबले इस वर्ष केवल 25.57 प्रतिशत क्षेत्र में बोनी हुई है, जबकि पिछले वर्ष 2 जुलाई तक यह आंकड़ा 53.27 प्रतिशत पहुंच गया था। मानसून के देर से सक्रिय होने और वर्षा की कमी के कारण किसान धान की रोपा पद्धति में पीछे हैं। छत्तीसगढ़ में मानसून का विस्तार भी जून के अंतिम सप्ताह में ही हुआ, जिससे शुरुआती कृषि गतिविधियां प्रभावित हुईं।



### 1.12 लाख किसानों की निगाहें आसमान पर

जिले में 1.12 लाख किसान हैं। ये किसान हर दिन आसमान की ओर टकटकी लगाएं हुए हैं कि आज अच्छी बारिश होगी लेकिन मौसम दगा दे रहा है। पिछले तीन दिन से आसमान पर बादल छाए हुए हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो रही है वह भी कुछ देर में थम जाती है। मौसम विभाग हर दिन मानसूनी बारिश होने का अनुमान जाहिर कर रहा है लेकिन हवाओं का रूख दुर्ग जिले की तरफ आकर भी गायब हो जा रहा है। हालात बेहद चिंताजनक है। किसानों ने बताया कि वर्ष 2024 में भी इसी तरह शुरूआती दौर में बारिश नहीं हुई थी लेकिन बाद में स्थिति संभल गई।

### कृषि विशेषज्ञों की राय-

कृषि विभाग वैज्ञानिक विजय जैन व उपसंचालक संदीप कुमार भोई का मानना है कि अगले 7-10 दिनों में अच्छी बारिश होने पर धान की बोनी तेजी पकड़ सकती है। लेकिन यदि वर्षा की कमी बनी रही तो किसान देर से बोई जाने वाली धान किस्मों के बजाय सोयाबीन, तिल, अरहर और अन्य वैकल्पिक फसलों की ओर रुख कर सकते हैं। दलहनी फसल लेने वाले किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

**खेती-किसानी की स्थिति**

| कुल बोनी (हजार हे.) | 2 जुलाई 2025 | 2 जुलाई 2026 |
|---|---|---|
| | 78.216 | 37.818 |
| कुल बोनी प्रतिशत में ) | 53.27 | 25.57 |
| धान क्षेत्र (हजार हे.) | 74.456 | 37.622 |
| कतार बोनी (हजार हे.) | 7.969 | 7.399 |

### धान की बोनी में सबसे बड़ी गिरावट

दुर्ग जिले में धान का कुल लक्ष्य 134.50 हजार हेक्टेयर है। पिछले वर्ष 2 जुलाई तक 74.456 हजार हेक्टेयर में धान संबंधी कार्य हो चुके थे, जबकि इस बार यह आंकड़ा घटकर 37.622 हजार हेक्टेयर रह गया है। इसी तरह रोपाई में 5.200 हजार हेक्टेयर से घटकर 0.044 हजार हेक्टेयर तक हुआ है। बोता पद्धति में 61.250 हजार हेक्टेयर से घटकर 30.179 हजार हेक्टेयर तक हो पाया है। नर्सरी की स्थिति यह है कि पिछले साल यानी वर्ष 2025 में 1.928 हजार हेक्टेयर से घटकर इस बार 0.990 हजार हेक्टेयर तक हो गया है।

### कतार बोनी में बढ़ी रुचि

जिले में किसानों ने इस बार कतार बोनी की तरफ ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। धान की कतार बोनी इस वर्ष 67.24 प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंच चुकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 65.64 प्रतिशत थी। यह संकेत है कि किसान कम नमी की स्थिति में भी बुआई पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जून में इस बार 62% बारिश कम

मानसूनी बारिश का सीजन 1 मई से शुरू हो जाता है। इस बार 1 मई से 3 जून तक दुर्ग जिले में 62 प्रतिशत बारिश कम हुई है। अब तक केवल 86.6 मिलीमीटर बारिश हो पाई है। जबकि 228.8 मिलीमीटर बारिश सामान्य बारिश की श्रेणी में यहां के लिए है। जिले के 6 वेदर स्टेशन हैं। इनमें वर्षामापक यंत्र लगे हैं जहां से बारिश का रिकार्ड दर्ज किया जाता है। हाल यह है कि इनमें से केवल दो स्टेशनों में ही बारिश दर्ज हो पाई है। अब तक पाटन में सबसे ज्यादा 21.4 मिलीमीटर बारिश हुई है। दुर्ग में 4.2 मिलीमीटर बारिश और भिलाई में महज 0.02 मिलीमीटर बारिश हुई है। शेष बोरी, अहिवारा,धमधा में इतनी बारिश ही नहीं हुई है कि रिकार्ड हो सके। यानी यहां स्थिति शून्य है।

## जिला चिकित्सालय में युवती की मौत की हो जांच, कलेक्टर से हुई शिकायत



**दुर्ग।** कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर ने जिला चिकित्सालय दुर्ग में गंभीर एनीमिया से पीड़ित 22 वर्षीय युवती की उपचार के दौरान हुई मृत्यु को अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक बताते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने तथा वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि युवती को समय पर रक्त उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि शासन की व्यवस्था के तहत उसे निःशुल्क रक्त मिलना चाहिए था। लगभग 48 घंटे तक रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी मृत्यु होना स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई आंतरिक जांच में केवल कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई कर मामले को सीमित करने का प्रयास दिखाई देता है, जबकि इस पूरे प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यदि जांच अस्पताल प्रशासन स्वयं करेगा तो उसकी निष्पक्षता पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठेंगे। इस संबंध में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि इस पूरे प्रकरण की जिला प्रशासन के स्तर पर स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए, वास्तविक दोषियों की जवाबदेही तय की जाए तथा किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को संरक्षण दिए बिना दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सुशील भारद्वाज, विजय चंद्राकर, गुरदीप भाटिया, आनंद देव ताम्रकार, देव साहू, पोषण साहू, संजय बत्रा, प्रकाश जोशी मौजूद थे।

## बड़भूम स्कूल में अवैध पेड़ कटाई पर बड़ा एक्शन, एफआईआर और निलंबन की अनुशंसा

**बालोद।** जिले के गुरुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम परिसर में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई मामले मे कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश के बाद विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी गुरुर द्वारा 02 जुलाई को विद्यालय परिसर का आकस्मिक और विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पेड़ों की कटाई किए जाने की प्रमाणित पाई गई। जांच में तथ्य सामने आया कि पेड़ों की अवैध कटाई के लिए बाकायदा 23 अप्रैल 2026 को शाला विकास समिति की एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रस्ताव पारित कर पेड़ों को काटने का अनुमोदन कराया गया। कार्य को अंजाम देने के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष जीवन लाल उईके एवं सदस्य निर्मला उईके को प्रभारी बनाया गया था। इस पूरी प्रक्रिया में माध्यमिक स्तर के प्रधान पाठक और शाला विकास समिति के सचिव डोमर सिंह निषाद की मुख्य भूमिका रही, जिनकी देखरेख में यह अवैध कटाई कार्य कराया गया। नियमानुसार पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग या राजस्व विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी गुरुर ने कार्रवाई करते हुए गुरुर थाना प्रभारी को एक आधिकारिक पत्र सौंपकर दोषियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इसके साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने और पदीय कर्तव्यों के दुरुपयोग के मामले में संबंधित प्रधान पाठक डोमर सिंह निषाद एवं अन्य संलिप्त कर्मचारियों के निलंबन हेतु उच्चाधिकारियों को औपचारिक अनुशंसा भेज दी गई है।

## जिले की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में एल्डरमेन नियुक्त, नामों की हुई घोषणा

**बालोद।** जिले के नगर पालिका व नगर पंचायतो के एल्डरमेन के नामो की घोषणा की गई है। जिसमें जिले के दो नगर पालिका व छः नगर पंचायतो के एल्डमेन के नाम की घोषणा की गई है। जिसमे बालोद नगर पालिका में छः एल्डरमेन के नाम की घोषणा की गई है जिसमे रवि पांडे, संतोश कौशिक, नितेश वर्मा, जागेश्वर ढीमर, हितेश्वरी कौशिक, चन्द्रशेखर वर्मा को नियुक्त किया गया है। वही दल्लीराजहरा नगर पालिका अंतर्गत राजेश दसोडे, महेन्द्र सिंग, ललित जैन, राकेश देवागन, महेन्द्र पिपरे की नियुक्ति की गई है। वही नगर पंचायत डौण्डी अंतर्गत निखित अग्रवाल, निलेश जायसवाल, संध्या निशाद की नियुक्ति की गई है। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अंतर्गत धिरेन्द्र टॉक, लता गुप्ता, जिवराखन कौमार्य की नियुक्ति की गई है। नगर पंचायत चिखलाकसा अंतर्गत भरत भाई पटेल, हरजीत सिंह, बृजमणी यादव की नियुक्ति की गई है। नगर पंचायत गुरूर अंतर्गत चन्द्रप्रकाश गांधी, यादराम साहू, रामेश्वर लावत्रे की नियुक्ति की गई है। नगर पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत गिरिजा यादव, गोकुल निशाद, चेतन सोनकर की नियुक्ति की गई है। नगर पंचायत अर्जुन्दा अंतर्गत शिवभजन यादव, रजनीकांत शर्मा, मनीश ठाकुर की नियुक्ति की गई है।

## ऐश्वर्य का अग्निवीर के लिए चयन, ग्रामीणों ने सम्मानपूर्वक किया विदा

**बालोद।** ग्राम हीरापुर निवासी ऐश्वर्य कुमार साहू उर्फ बिट्टू साहू का भारतीय सेना में अग्निवीर के पद पर चयन होने पर ग्रामीणों ने सम्मान के साथ विदाई दी। ऐश्वर्य को प्रशिक्षण के लिए रवाना करने के लिए विदाई समारोह आयोजित की गई, जिसमें पूरा गांव उमड़ पड़ा। परिजनों ने तिलक लगाकर और माला पहनाकर ऐश्वर्य को रवाना किया। पिता चमन साहू और माता दूज बाई साहू ने कहा कि बेटे की इस उपलब्धि से परिवार और गांव को गर्व है। ऐश्वर्य ने कहा कि देशसेवा का सपना अब पूरा हो रहा है। ग्रामीणों ने भारत माता की जय के नारों के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मामा सतनंद तिका साहू, लच्छन साहू दुर्गा बाई साहू, भाई मयंक, कुणाल, वेदांत, प्रेम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। देश की सेवा का सपना अब होगा साकार, पूरे परिवार को आप पर है गर्व अपार" परिजनों ने यही संदेश देते हुए ऐश्वर्य को आशीर्वाद दिया।

पेज 13 का शेष

### महिला कमांडो की पहल...

नियमित रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। महिला कमांडो ने ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटना के दौरान जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच है। लगातार जनसंपर्क संवाद एवं जागरूकता अभियान के परिणाम स्वरूप गुण्डरदेही विकासखंड के जेवरतला एवं सिद्धी, बालोद विकासखंड के बोरी एवं खैरवाही तथा डौंडी लोहारा विकासखंड के अन्नू टोला, कसही, बोरी एवं जामुलवाही सहित कुल सात गांवों में 73 महिला कमांडो द्वारा 1103 दोपहिया वाहन चालकों के बीच शत–प्रतिशत हेलमेट उपयोग सुनिश्चित किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ इन सातों गांवों को मॉडल हेलमेट ग्राम के रूप में स्थापित किया गया। इस नवाचारपूर्ण अभियान की रूपरेखा तैयार करने एवं इसे जनसहभागिता से जोड़ने में अध्यक्ष, महिला कमांडो सहयोगी जन कल्याण समिति शमशाद बेगम की भूमिका रही। महिला कमांडो के इस नवाचारपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य ने महिला कमांडो को शॉल एवं सर्च टॉर्च भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके कार्योर् की प्रशंसा करते हुए इस मॉडल को जिले के अन्य ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रें में भी लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता से जुड़े ऐसे जनहितकारी अभियानों को निरंतर जारी रखने पर भी बल दिया। बालोद पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा हेलमेट के नियमित उपयोग एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के नवाचारपूर्ण अभियान निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

**निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट:-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
..................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................... 2. पिता/पति का नाम..................................................
3. जन्मतिथि........................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम......................पो............................तहसील..............................
जिला..............................
पिन कोड.......................................मोबाईल नं. 1.......................2.........................व्हाट्सअप नं......................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)...........................................................
7. शैक्षणिक योगयता:-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


**परिजनों ने सुरक्षा में लापरवाही का लगाया था आरोप**

# हरिओम टीएमटी में करंट लगने से हुई थी वेल्डर की मौत तीन दिन बाद हुआ पोस्टमार्टम, रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**आश्रितों को मुआवजे के रूप में 9 लाख रुपए और 25 हजार रुपए अंतिम संस्कार के लिए दिए गए**



जामुल थाना क्षेत्र के छावनी स्थित हरिओम टीएमटी प्लांट में करंट लगने से हुई 50 वर्षीय वेल्डर ब्रह्मदेव सिंह की मौत के मामले में घटना के तीन दिन बाद शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि मौत कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में कमी के कारण हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। ब्रह्मदेव सिंह, कैंप-1 अर्जुन नगर के निवासी थे और हरिओम टीएमटी के मैकेनिकल विभाग में वेल्डिंग का कार्य करते थे। 1 जुलाई की सुबह प्लांट में काम के दौरान करंट लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। उन्हें तत्काल खुर्सीपार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भांजे चितरंजन सिंह ने आरोप लगाया था कि फैक्ट्री में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण यह हादसा हुआ। उनका कहना था कि यदि सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम होते तो ब्रह्मदेव सिंह की जान बचाई जा सकती थी। वहीं कंपनी प्रबंधन ने इस आरोप से इनकार करते हुए दावा किया कि यह आत्महत्या का मामला है। ऐसे में अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पोस्टमार्टम में देरी इसलिए हुई क्योंकि कंपनी प्रबंधन और मृतक के परिजन समय पर अस्पताल नहीं पहुंचे थे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजन अस्पताल में मौजूद रहे। परिजनों में भिलाई निवासी उमाशंकर और बिहार से पहुंचे द्वारिका प्रसाद ने बताया कि कंपनी प्रबंधन ने शुरुआत में 5 से 6 लाख रुपए मुआवजा देने की पेशकश की थी। विरोध के बाद मुआवजे की राशि बढ़ाकर 9 लाख रुपए कर दी गई। इसके अलावा अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म के लिए 25 हजार रुपए अलग से दिए गए। अब इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के आधार पर ही यह तय होगा कि मौत कार्यस्थल पर सुरक्षा में लापरवाही का परिणाम थी या कंपनी प्रबंधन का दावा सही है।

## खबर संक्षेप

### मोटर पंप और केबल वायर चोरी, मामला दर्ज

**बालोद**। खेत के खाद गोदाम में रखे मोटर पंप व केबल वायर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पांगरी थाना रनचिरई निवासी मधूसूदन साहनी पिता स्व0 महेन्द्र साहनी 53 वर्श ने पुलिस को बताया कि ग्राम पांगरी सुखरी खार मे मेरा पौने दो एकड खेत है, जिसमे सन-2024 मे सौर सुजला योजना के तहत मेरे खेत मे सौर उर्जा प्लेट व मोटर पंप 03 एचपी का केबल वायर के साथ लगा हुआ था, 29 जून को मै अपने खेत पांगरी सुखरी खार धान बोने गया हुआ था, शाम 07.00 बजे मै अपने खेत मे धान बोने बाद सौर उर्जा स्टाटर मे लगे केबल वायर एवं 03 एचपी का ईकोजेन सरफेस मोटर पंप को खेत मे बने खाद गोदाम के अंदर रखकर ताला लगाकर मै अपने घर ग्राम पांगरी चला गया। 30 जून के सुबह 08. बजे मै अपने खेत धान का बीज लाने गया गोदाम अंदर रखे बीज निकालने के लिये देखा तो मेरा गोदाम का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था, तब अंदर जाकर देखा तो गोदाम अंदर रखे 03 एचपी का ईकोजेन सरफेस मोटर पंप एवं केबल वायर लगभग 30 फीट नही था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया हैं।

### मोटर पंप नहीं बनाने पर युवक को चाकू लेकर दौड़ाया

**बालोद**। खेत के मोटर पंप को नही बनाने पर व्यक्ति ने चाकू लेकर दौड़ा दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने हमला करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुण्डरदेही निवासी तुकाराम साहू ने पुलिस को बताया कि मै सनत गुप्ता गुण्डरदेही के यहां काम करने लिए आता हूं। मै अपने सेठ सनत गुप्ता के साथ धमतरी से गुण्डरदेही आया और सेठ सनत गुप्ता के काम्पलेक्स विश्राम गृह हनुमान मंदिर के पास गाडी से उतरा था कि उसी समय अलख राम देवार नाम का व्यक्ति काम्पलेक्स के सामने बैठा था, जो मुझे देखकर बोला कि खेत में लगे मोटर पंप को अभी तक तुम क्यो नहीं बनवाये हो, इसी बात को लेकर मुझे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू को निकालकर दौडाने लगा।

### शेड एवं सीमेंटीकरण कार्य का आज भूमिपूजन

**गुरूर**। ग्राम बोरतरा में सर्किल कोसरिया यादव समाज गुरूर के भवन में शेड निर्माण एवं सीमेंन्टीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन 05 जुलाई को दोपहर 01 बजे आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद व प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी संगीता सिन्हा होगी। अध्यक्षता अध्यक्ष सर्किल कोसरिया यादव समाज गुरूर सालिक राम यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर डॉ किशोर साहू, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद एवं संरक्षक सर्किल यादव समाज गुरूर जितेन्द्र यादव, जोन अध्यक्ष तोरण साहू, अध्यक्ष व्यापारी संघ मनोज सिन्हा, सेक्टर प्रभारी कमले"वर सिन्हा, बुथ अध्यक्ष तारकेश सिन्हा, कोशाध्यक्ष कोसरिया यादव समाज गुरूर तुलसी राम यादव, सचिव सर्किल कोसरिया समाज गुरूर देवव्रत यादव व सरपंच ग्राम पंचायत बोरतरा पूर्णिमा द्रोण सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### युवक से मारपीट, दो खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद**। दो युवको ने खेत के विवाद को लेकर एक व्यक्ति के उपर हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पीपरछेड़ी निवासी चेतन लाल साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे भतीजा धनंजय साहू के घर छट्ठी का कार्यक्रम था, जहां मैं खाना खाने के बाद रात्रि सामुदायिक भवन के पास बैठा था उसी समय मेरे भाई का लड़का ढालेश्वर साहू पिता बिम्बू साहू तथा डिलेन्द्र कुमार पिता देवंश कुमार साहू ने खेत के मुही को लेकर पूर्व में भी वाद- विवाद किया था।

# कमरौद में सीडबॉल निर्माण और बीजारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

## स्वामी विवेकानंद विद्यालय में बच्चों और ग्रामीणों ने मिलकर तैयार किए सीडबॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पर्यावरण संरक्षण हेतु सीडबॉल निर्माण एवं बीजरोपण कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद विद्यालय, कमरौद में बीजरोपण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला जिसमें पर्यावरण गतिविधि, जिला बालोद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से किया गया। बीजरोपण के पुर्व पर्यावरण गतिविधि के स्वयं सेवकों ने बच्चों व गामीणों के मिलकर स्वामी विवेकानंद विद्यालय कमरौद में सीडबॉल निर्माण किया एवं बीजरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सहकार्यवाह विनोद कुमार साहू, पर्यावरण जिला संयोजक कमलकांत साहू, जिला सह संयोजक संजय साहू , प्रहलाद साहू, प्रधान पाठक मलखम यदुवंशी, चंद्रकला यदुवंशी, नरोत्तम कुमार साहू, तामेश्वरी पटेल, जया पटेल, भामीनी साहू, खिलेश्वरी पटेल, डिलेश्वरी साहू, यशोदा पटेल, छत्रपाल ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना के सांथ हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ वर्षा ऋतु में अधिक पौधों के प्राकृतिक रूप से विकसित होने के लिए सीडबॉल तैयार किए गए। उपस्थित स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों ने स्वयं बीजों की व्यचस्था की व स्वयंसेवकों द्वारा लाए गए बीज से उत्साहपूर्वक सीडबॉल निर्माण कर उनका विभिन्न स्थानों पर बीजारोपण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सतत दायित्व है। सीडबॉल अभियान के माध्यम से कम लागत में अधिक पौधारोपण को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिससे भविष्य में हरित आवरण बढ़ेगा तथा जैव विविधता का संरक्षण होगा। कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता निभाई और अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।





## भूमिपूजन कार्यक्रम में सरकार पर साधा निशाना, विकास, खाद और रोजगार के मुद्दे उठाए

# भाजपा सरकार गरीब, किसान और युवाओं के हितों की अनदेखी कर रही है : विधायक अनिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेंडिया ने विभिन्न ग्रामों में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान केंद्र और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उसे गरीब, किसान, मजदूर और बेरोजगारों के हितों के खिलाफ काम करने वाली सरकार बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद से विकास कार्य ठप पड़े हैं और आम जनता को केवल वादों और घोषणाओं के सहारे रखा जा रहा है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनिला भेंडिया ने कहा कि हाल ही में ग्राम नकटी में अत्यंत गरीब परिवारों के मकानों को बारिश के मौसम में रात के अंधेरे में तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई से छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के सामने सिर छिपाने का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की गरीब विरोधी सोच को उजागर करती है।

विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास की गति पूरी तरह थम गई है। उन्होंने कहा कि सड़कों, भवनों और अन्य जनहित के कार्यों की रफ्तार रुक गई है। यहां तक कि जनप्रतिनिधियों को उनकी विधायक निधि भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए अनिला भेंडिया ने कहा कि खेती के सबसे महत्वपूर्ण समय में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। यदि समय पर खाद नहीं मिलेगी तो खेती प्रभावित होगी और उत्पादन घटेगा।

रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद शिक्षित युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। लाखों युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं और अनेक लोगों के रोजगार भी छिन गए हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, जिससे युवाओं में निराशा का माहौल है।

अनिला भेंडिया ने कहा कि जो सरकार गरीबों के घर उजाड़े, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध न करा सके और युवाओं को रोजगार देने में विफल रहे, उसे सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने सरकार से जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की।

विधायक निधि से विकासखंड डौंडी के ग्राम पंचायत गुजरा में यादव समाज के सामुदायिक भवन, ग्राम बनगांव में शीतला मंदिर की चारदीवारी तथा ग्राम पंचायत अरमुरकसा में सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस समिति अध्यक्ष शिवप्रसाद बारला, विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी, हल्बा आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष प्रकाश आर्य, नगर पंचायत डौंडी के विधायक प्रतिनिधि कैलाश राजपूत, ग्राम दानीटोला के सरपंच हरिचंद ठाकुर, ग्राम पंचायत गुजरा की सरपंच पार्वती मंडावी, ग्राम पंचायत अरमुरकसा के सरपंच हलधर गोरे, जनपद सदस्य दुशंती बाई आर्य, बोरकर, गोविंद नेताम, रोशन नेताम, महतरीन बाई, परस लेड़िया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




# पुष्पलता बनीं सहकार भारती की जिला महिला प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सहकार भारती जिला बालोद की नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। चुनाव प्रक्रिया सहकार भारती के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत द्विवेदी की देखरेख में हुई, जिन्हें चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। नवगठित कार्यकारिणी में जितेंद्र साहू को जिला अध्यक्ष, पुष्पलता बघेल को जिला महिला प्रमुख, रूपेश कुमार सिन्हा एवं हरदेव लाल साहू को जिला मंत्री, जागेश्वर साहू को जिला कोषाध्यक्ष, दीपक देवांगन को जिला उपाध्यक्ष, लोकेश साहू को कार्यालय प्रभारी, कमलेश गौतम को दुग्ध संघ जिला संयोजक, नरेश कुमार देवांगन को बुनकर संघ जिला संयोजक, गोकुल ठाकुर को वन उपज समिति जिला संयोजक, तोमिन साहू को जिला महिला महामंत्री तथा दारा सिंह को डौंडी लोहारा मंडल संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त जिला महिला प्रमुख पुष्पलता बघेल ने संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सहकारिता की भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। इस अवसर पर सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री कनिराम, छत्तीसगढ़ राज्य सहकार संघ के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला कार्यवाहक प्रमुख प्रमोद कुमार साहू सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भंवरमरा स्कूल में 21 छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिल



**डौंडीलोहारा**। वनांचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजना के लक्ष्य के अनुरूप 21 छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान कर लाभान्वित किया गया। वितरण कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डोमार सिंह साहू, ग्राम पंचायत भंवरमरा के उपसरपंच भीखम ईस्दा, सदस्य दारा सिंह भौसार्य, दिनेश नागवंशी,विधायक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पालकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। वितरण कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य नेम सिंह ठाकुर, व्याख्याता राधेश्याम साहू, हेम प्रकाश मेश्राम, येनू राम मरिया, गणेशराम मेरिया, रमेश ठाकुर, रुक्मणी देशमुख, दिनेश्वरी कोठारी, आरती श्रीवास्तव,सुमन साहू, खलखो, डिलेश कुमार कोठारी, अजय कुमार कौशिक, यशवंत कुलदीप सहित समस्त स्टाफ ने वितरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य नेम सिंह ठाकुर ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना से दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और शिक्षा के प्रति उनकी भागीदारी बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं एवं पालकों ने शासन एवं स्कूल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चिखलाकसा में दो नाबालिग छात्राओं से मोबाइल लूट, मामला दर्ज

**बालोद**। रात को स्कूटी के माध्यम से घूमने गई दो युवतियो के मोबाईल को दो अज्ञात युवको ने लूटपाट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवती के पिता ने अज्ञात युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राजहरा निवासी कुसुमकसा मंडल में राजस्व निरीक्षक बसंत मंडावी ने पुलिस को बताया कि 15.मई को शाम 07 बजे मेरी लडकी स्कूटी लेकर घूमने निकली थी, रात्री करीबन 09 बजे मेरी लडकी घर वापस आकर बतायी कि मै अपनी सहेली के साथ घूमते हुए प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय चिखलाकसा की ओर चली गयी थी, रात्री करीबन 08.30 बजे हम दोनो सहेली अपने अपने मोबाईल से वहां खडी होकर फोटो खींच रहे थे, उसी समय दो लडके आये और अपने पास रखे किसी धारदार वस्तु को दिखाकर हम लोगो को डरा धमका कर मेरी ओप्पो कंपनी मोबाईल व मेरे सहेली की रियम मी कंपनी की मोबाईल को लूट लिए है, लूट करने वाले दोनो लडके अपने चेहरों को स्कार्फ से बांध कर रखे थे, मै अब तक ईधर उधर पता तलाश करते रहा, दोनो लडकिया नाबालिक व पढने वाले होने से बदनामी के कारण मैने रिपोर्ट नही किया था। लूटी गयी मोबाईल से अन्य कोई घटना घटित न हो कहकर 28 जून को थाना रिपोर्ट करने आया हूं।

# छह अज्ञात युवकों ने दो भाइयों का कथित अपहरण कर लूटपाट के बाद की मारपीट, मामला दर्ज

■ चाकू की नोक पर मोबाइल, नकदी और जेवर लूटे, ऑनलाइन भी ट्रांसफर कराए रुपए

**बालोद**। छः अज्ञात युवको ने एक युवक व उसके भाई के साथ मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात छः लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 140, 310(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टीचर कालोनी डौण्डी निवासी करण कुर्रे पिता रोशन कुर्रे 21 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 1 जुलाई के करिबन 11.30 बजे रात्रि को मै अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 19 बीआर 2004 से अपने भाई दिव्य बंदे को बैठाकर हाउसिंग बोर्ड कालोनी डौण्डी से घर आ रहा था, जनपद पंचायत डौण्डी के पास स्कुटी व मोटर साइकिल में छः लोग रूकवाऐ और घेर कर एडरेस पुछने के बहाने अपने पास रखे चाकु को मेरे व दिव्य के ऊपर टिका दिया और मेरा रियल मी मोबाईल, दिव्य का मोबाईल छिंन लिया, मेरे बैग भी छिन लिया, इसके बाद हम दोनो को डरा धमकाकर अपने साथ सफेद स्कुटी में दिव्य को बीच मे बैठाया, मुझे अपने मोटर साइकिल के बीच मे बिठाया और दो लोग अपने काले रंग के मोटर सायकल मे बैठकर दल्ली के ओर ले के गये, गिधाली के आस पास सुनसान जगह मे ले जाकर हम लोगो के साथ मारपीट किया, चाकू दिखा डरा धमकाये फिर वहां से बैठाकर राजनांदगांव की ओर ले गये, राजनांदगांव मे सुनसान गली मे ले जाकर फिर से मारपीट किया, फिर डरा धमका कर नगपुरा होते हुए कुरूद गये, जहां कुरूद में हम लोग के साथ फिर मारपीट किया, फिर गांजा पिये फिर वहां से हम लोग की सुपेला चौक मे लेकर गये वहां से सुनसान कॉलोनी जगह मे ले जाकर मेरे चांदी का ब्रेसलेट, तीन नग अंगूठी चांदी का, पर्स मे रखा हुआ 5000 रूपए के साथ पुरा पर्स को रख लिया, मेरे मोबाईल से किसी अज्ञात बैंक खाते मे 18,000 रू पेटीएम से आन लाईन ट्रांसफर किया, कुछ देर बाद 180 रू उसी एकाउण्ट मे ट्रांसफर किया उसके बाद वहां से हम लोग को ग्रीन चौक दुर्ग लाये। मेरे भाई दिव्य बंदे से मोबाईल मांगने पर फिर मारपीट किये उसके बाद हम लोगों से पुलगांव पुराना पुल मे ले जाकर हम लोग को चाकु दिखाकर धमकी दिया तुम लोग अगर रिपोर्ट करोगे तो जान से मार देंगे और जबरदस्ती सफेद रंग की स्कुटी के साथ पांच से छः चाकु रखकर विडियो बनवाऐ, विडियो मे हम लोग से जबरदस्ती स्कुटी चोरी किये है और बेचने आये है ऐसा कुबुलवाये, उसके बाद मुझे मेरा मोटर सायकल वापस कर दिया और बोले यहां से चले जाओ, और कम्पलेन मत करना, नही तो तुम लोगों का विडियो वायरल कर देंगे और डौण्डी आकर जान से मार देंगे। उसके बाद वहां से मै अपने मोटर सायकल मे भाई को बैठाकर वापस डौण्डी आ रहे थे। चंदखुरी के पास एक आदमी से मोबाईल मांगकर अपने दादी से बात किया फिर घर वापस आया। उन लोगो के द्वारा हमारे साथ मारपीट करने से मेरे दाहिने आंख कनपट्टी, पीठ का पसली व दोनो पैरों मे चोट आया है और दर्द कर रहा है और दिव्य के दाहिने आंख बांए हाथ पीठ मे चोट आया है।

# चंदखुरी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**अण्डा**। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदखुरी में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अवसर पर संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मुख्य अतिथियों द्वारा गुलाल का तिलक लगाकर, मिठाई एवं चॉकलेट खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को निःशुल्क शाला गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर नए सत्र की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच कविता ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष संतोषी देवांगन, पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर, पूर्व प्रधान पाठक बाबूराय साहू, प्रधान पाठिका सुनीता पारलकर, संकुल समन्वयक त्रिभुवन देशमुख, प्रधान पाठिका बेला निषाद, जयश्री यादव, दानेश्वरी चंद्राकर (पीसेगांव), प्रधान पाठक प्रवेश देवांगन (कोनारी), जयंती अधिकारी, योगेश्वरी हरमुख, गुलाब देवांगन, विजयालक्ष्मी पाटिल, पुष्पा गजेन्द्र, संतोष



शर्मा, संध्या सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने, विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और विद्यार्थी अपने परिश्रम एवं संस्कारों से अपने माता-पिता, विद्यालय, गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, पालकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## आमटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**अण्डा**। शासकीय प्रोन्नत पूर्व माध्यमिक शाला, आमटी में 03 जुलाई को नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का उत्साहपूर्वक स्वागत करना तथा शिक्षा के प्रति उनमें सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर शासन की योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश (यूनिफॉर्म) का वितरण भी किया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, खतना सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की टक्कर से मवेशी घायल, उपचार जारी



**गुण्डरदेही।** नगर के चैनगंज रेल्वे फाटक के पास शुक्रवार को रेल गाड़ी के टक्कर से एक मवेशी को चोंट आई है, जिससे उनके कमर फैकचर हो गई सुचना मिलते ही नगर के गौ सेवको ने तत्काल घायल मवेशी को इलाज के लिए कृष्णा गौ शाला बघमरा लाकर उपचार शुरु किया।

### चरोटा-उमरादाह की 40 महिलाओं ने थामा शिवसेना का दामन



**बालोद।** शिवसेना नेता विजय पारख के नेतृत्व मे ग्राम चरोटा उमरादाह से 40 महिलाओं ने शिवसेना पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें ग्राम पंचायत की उपसरपंच सहित महिला पंचगण भी उपस्थिति थे। शिवसेना संगठन का विस्तार करते हुए विजय पारख ने ग्राम महिला सेना अध्यक्ष फुलेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष हुलसी निषाद, सचिव सीमा मारिया, सह सचिव लता ठाकुर की सर्वसम्मति से पद नियुक्तियां की गई। इस अवसर पर जिले के शिवसेना नेतागण जयप्रकाश चंद्राकर, बलराम साहू, हेमंत शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए महिलाओं को संगठन का महत्व एवं शिवसेना के जनहित, हिंदू हित, राष्ट्र हित की रीति नीति सिद्धांतों से अवगत कराया।

### निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर आज

**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम भाटापारा में हनुमान मंदिर श्री राम लैब में एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर सुबह 8 बजे होगी, जिसमें होम्योपैथिक सलाहकार डॉ. सोनिया हिरवानी आयेगी। यह जानकारी आयोजक टिकेंद्र हिरवानी ने दिया।

## निधन

### धरम सिंह पिस्दा

**कुसुमकसा।** अखिल भारतीय हलबा-हलबी आदिवासी समाज ग्राम कुसुमकसा के ग्राम प्रमुख



धरम सिंह पिस्दा (65 वर्ष) का आकस्मिक निधन शुक्रवार रात्रि हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। आज उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया, वे प्रभात पिस्दा व रविशंकर के भाई व किशन पिस्दा व एलश पिस्दा के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के कुसुमकसा व डोंडी ब्लॉक के पदाधिकारी, सामाजिक बंधु सहित ग्रामीणजन उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# गुरुर में श्रद्धा के साथ मनाया गया श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर में सम्पन्न हुआ। श्री जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा महारानी की पावन पूर्णिमा स्नान यात्रा महोत्सव के शुभ अवसर पर इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर में भव्य, दिव्य एवं भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इसके पूर्व इस्कॉन प्रचार केंद्र में पांडव निरजला एकादशी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने पूरे दिन केंद्र में रहकर भगवान के नाम संकीर्तन एवं माला जप का संकल्प लेकर पूर्ण रूप से भक्ति में लीन रहते हुए साधना की। इसका मुख्य उद्देश्य इस्कॉन अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ की शिक्षा के अनुसार मनुष्य जीवन को कृष्ण चेतना से जोड़ना है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझ सके और भौतिक जीवन की भागदौड़ के साथ आध्यात्मिक उन्नति भी प्राप्त कर सके। स्नान पूर्णिमा महोत्सव मे श्री जगन्नाथ जी, भाई बलदेव जी एवं सुभद्रा महारानी के लिए विशेष पूजा अर्चना एवं स्नान अभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान के दिव्य श्रृंगार एवं दर्शन की तैयारी तथा कीर्तन से हुआ, जिसमें भक्त बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर के प्रभारी एवं वक्ता केशव सखादास प्रभु द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी के प्राकट्य, उनकी दिव्य लीलाओं तथा पुरी धाम की महिमा पर ज्ञानवर्धक एवं भावपूर्ण कथा का वाचन किया गया।

## भक्त भगवान के नाम संकीर्तन एवं माला जप का संकल्प के साथ भक्ति में लीन





### भगवान अत्यंत कृपालु हैं और भक्त के प्रेम से ही प्रसन्न होते हैं

भगवान जगन्नाथ की लीलाएँ हमें यह सिखाती हैं कि भगवान अत्यंत कृपालु हैं और भक्त के प्रेम से ही प्रसन्न होते हैं। कथा के पश्चात भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का दिव्य स्नान अभिषेक प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम पंचामृत दूध, दही, घी, शहद एवं शर्करा से अभिषेक किया गया, तत्पश्चात शुद्ध जल से भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से स्नान सेवा संपन्न की गई। इसके बाद भगवान को विविध प्रकार के स्वादिष्ट भोग अर्पित किए गए तथा भव्य आरती का आयोजन हुआ। आरती के समय भक्तों ने जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ नृत्य एवं संकीर्तन करते हुए आनंदमय आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। स्नान यात्र के पश्चात भगवान 15 दिनों के लिए अनवसर काल में रहते हैं, जिसके पश्चात भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## साइबर सेल और देवरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, भिलाई से दबोचे गए आरोपी

# घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 6 आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रात में परिवार के साथ सो रहे गौकरण साहू के घर में घुसकर उस पर लाठी डंडा से जानलेवा हमला करने वाले 06 आरोपियो को गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली।

थाना देवरी अंतर्गत चौकी पिनकापार क्षेत्र के ग्राम सम्बलपुर नाहंदा की घटना है। थाना देवरी व साइबर सेल की पुलिस टीम द्वारा 06 आरोपियो को 24 घंटे के अंदर भिलाई से गिरफ्तार किया। थाना देवरी क्षेत्र में घटित प्राण घातक हमला में गंभीर रूप से घायल सम्बलपुर चौकी पिनकापार थाना देवरी निवासी गौकरण साहू पिता स्व.नारायण साहू को उसके घर के अंदर घुसकर प्राणघातक वार कर गंभीर चोंट पहुंचाने की प्रार्थियॉ की रिपोर्ट पर थाना देवरी मे धारा 109, 332(2),191(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियो को पकड़ने हेतु थाना देवरी व साइबर सेल से विशेष टीम बनाया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर थाना प्रभारी मनीष शेंडे थाना स्टाफ, फारेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड, साइबर सेल टीम तत्काल पहुचकर घटनास्थल का



निरीक्षण कर आवश्यक संसूचना एवं तकनीकी साक्ष्य व घटना स्थल तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उसकी बारिकी से जांच कर अज्ञात आरोपियो के संबंध में जानकारी प्राप्त हुआ। जांच के दौरान घटना समय में घायल गौकरण साहू के बाजू मे सोई नाबालिक पुत्री से पूछताछ करने पर मात्र इतना पता चला कि एक व्यक्ति को घटना के बाद पीछे से भागते देखा है। बच्ची छोटी होने से अज्ञात आरोपी का स्पष्ट हुलिया नही बता पा रही थी जो पुलिस के लिए खोज का विषय हो गया था। तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज से मिले सबूतो के आधार पर एक टीम दुर्ग भिलाई की ओर रवाना हुआ और टीम का दूसरा हिस्सा लोकल सूचना में लगा था। भिलाई, मरोदा गये टीम द्वारा संदेही भानूप्रताप जैन को पकड़कर पूछताछ करने पर घटना दिनांक की रात्रि को 02 मोटरसायकल से अपने अन्य 04 साथी के साथ मरोदा से घटना स्थल ग्राम संबलपुर पहुचने से पहले अपने एक और साथी बहेराभाठा निवासी को मदद हेतू साथ होना बताया, आरोपी भानुप्रताप जैन को कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि घायल गौकरण साहू की पुत्री से करीब डेढ साल पूर्व आरोपी भानूप्रताप जैन निवासी खपराभाट की जान पहचान के चलते गौकरण साहू ने आपत्ति दर्ज कराते हुए आरोपी भानूप्रताप जैन को अपने घर में बुलाकर आरोपी व उसके माता–पिता के साथ गाली गलौच कर बेईज्जत करने की बात से रंजिश रखा था, जिसके चलते आरोपी भानुप्रताप को उसके माता पिता ने टंकी मडौदा अपने नानी के घर रहने भेजा था, फिर भी आरोपी भानुप्रताप जैन ने मन में बदले की भावना रखते हुए 30 जून को योजनाबद्ध तरिके से भिलाई से अपने 06 साथियो के साथ घटनास्थल पहुचकर 02 साथी को घर के बाहर निगरानी करने लगाया तथा 04 लोग घर के अंदर घुसकर हाल में सोए गौकरण साहू के ऊपर बांस के डंडा व लकड़ी के राफ्टर से कई बार उसके सिर, पीट, कमर, में वार किये, मारपीट की आवाज सुनकर गौकरण साहू की 13 साल की पुत्री जग गई जिसे देखकर भानूप्रताप, दिनेश, दीपेश, कुंदन नीरज, तुषार सभी वहां से भाग खड़े हुए। आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियो में खपराभाट हाल अम्बेडकर चौक टंकी मडौदा थाना नेवई निवासी भानूप्रताप जैन पिता युवराज जैन 18 वर्ष, नीरज रस्तोगी पिता स्व. अमित रस्तोगी 18 वर्ष, तुषार निर्मलकर पिता कुमार निर्मलकर 20 वर्ष, दिनेश ढीमर पिता स्व. पुसऊ ढीमर 25 वर्ष, कुंदन यादव यादव पिता संतोष यादव 18 वर्ष, बहेराभाठा थाना देवरी जिला बालोद निवासी दीपेश पटेल पिता जीतूराम पटेल 18 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# दूसरे दिन भी झमाझम बारिश, रातभर बरसे बदरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन भी मौसम मेहरबान रहा। गुरुवार शाम से ही हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया था, जिससे मौसम सुहाना बना रहा। हालांकि रात करीब 12 बजे के बाद अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जो देर रात तक लगातार जारी रही। मूसलाधार बारिश के चलते खेत-खलिहान पूरी तरह तरबतर हो गए और निचले इलाकों में पानी भर गया।

- बुवाई करने वालों की बढ़ी चिंता, रोपाई करने वाले किसान खुश

लगातार दो रातों से हो रही झमाझम बारिश ने किसानों के लिए मिले-जुले हालात पैदा कर दिए हैं। जिन किसानों की धान की बुवाई का कार्य अभी चल रहा है, उनके लिए यह बारिश मुसीबत बन गई है। खेतों में अधिक पानी भर जाने से बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है और कई किसानों यह बारिश मुसीबत बन गया, वहीं धान की रोपाई कर रहे किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। पर्याप्त पानी मिलने से रोपाई कार्य में तेजी आई है और सिंचाई की चिंता भी काफी हद तक समाप्त हो गई है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो खरीफ फसल के लिए यह वर्षा काफी लाभदायक साबित होगी। लगातार बारिश से क्षेत्र का तापमान भी गिरा है, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना जताई गई है। किसानों को मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्य करने की सलाह दी जा रही है।



# पीपरछेड़ी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव, विद्यार्थियों को नेवता भोज के साथ मिला शिक्षा का संदेश

**बालोद।** शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मनहरण लाल सार्वा के द्वारा कक्षा छठवी से 12वीं तक विद्यार्थियों को नेवता भोज कराया गया। इस भोज में सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण तथा शिक्षक शामिल हुए।

प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि सरपंच कृष्णा राम साहू थे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रवण ठाकुर ने किया। विशिष्ट अतिथि हेमंत कामड़े तथा विशेष अतिथि के रूप में सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। यह उत्सव नव प्रवेशी विद्यार्थियों को भयमुक्त व शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि तथा संस्था प्रमुख के द्वारा संबोधित किया। सभी ने अपने वक्तव्यों में बच्चों को अपनी निजी जीवन से जुड़ी हुई बातों का उदाहरण देते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया व उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा से ही शिक्षित व स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम का संचालन एसके शांडिल्य तथा आभार प्रदर्शन व्याख्याता ईश्वरी लाल साहू के द्वारा किया गया।

# गुण्डरदेही में 1.13 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा शनिवार 4 जुलाई को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर तथा जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत बघमरा स्कूल में 9 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य, बस स्टैंड के पीछे मछुवारा समिति हेतु 4 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा स्टेडियम स्कूल के पास एक करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नगर के समग्र विकास एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्रामिकता है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों एवं आमजन को आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल सोनकर, पार्षद शैल महोबिया, हरीश निषाद, संतोष नेताम, सेवक महिपाल, एल्डरमेन गोकुल निषाद, चेतन सोनकर, अशोक महोबिया, सोहन सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


# डौंडी में विकासखंड स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता संपन्न, 100 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**दल्लीराजहरा।** विकासखंड डौंडी की उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को चिखली खेल मैदान में विकासखंड स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पूरे विकासखंड से बड़ी संख्या में पहुंचे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने जिला स्तर तक पहुंचने के लिए पूरा दमखम दिखाया।

प्रतियोगिता की अध्यक्षता विकासखंड खेल अधिकारी जे. एस. ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मंजुला यदु विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का महत्व बताते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित किया गया।

सहायक खेल संयोजक चंद्रशेखर पवार ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में विकासखंड डौंडी के लगभग 100 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान 14 वर्ष, 17 वर्ष तथा 19 वर्ष आयु वर्ग में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी अब जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विकासखंड खेल अधिकारी जे. एस. ठाकुर ने कहा कि खेलों में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और कठिन परिश्रम ही खिलाड़ियों को ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विकासखंड और



जिले का नाम रोशन करें। जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की प्रतियोगिता 6 जुलाई को चिखली खेल मैदान में तथा बालक वर्ग की प्रतियोगिता 10 जुलाई को बालोद के महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर पूरी तैयारी के साथ भाग लेने की अपील की गई है। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मैच निर्णायक चंद्रशेखर पवार, चयनकर्ता श्रवण साहू, मंजुला यदु, हरबंश कौर और टमिन साहू सहित खेल विभाग के सहयोगियों तथा खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विकासखंड खेल अधिकारी जे. एस. ठाकुर ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाकर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। चयनित खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ जिला स्तर पर भाग लें और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विकासखंड का गौरव बढ़ाएं। सहायक खेल संयोजक चंद्रशेखर पवार ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई है। खिलाड़ियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का स्तर सराहनीय रहा। हमें विश्वास है कि चयनित खिलाड़ी आगे भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### पेंशनर समाज की मासिक बैठक 8 को

**गुण्डरदेही।** पेंशनर समाज तहसील शाखा गुण्डरदेही की मासिक बैठक 8 जुलाई को 12 बजे पेंशनर भवन गुण्डरदेही में आहूत की गई है। इस बैठक में विशेष रूप से पेंशनरों की समस्याएं एवं प्रदेश की बैठक में मिली जानकारी पर चर्चा किया जाएगा, साथ ही छठवें वेतनमान सातवें वेतनमान के लंबित एरियर्स कुल 59 माह के भुगतान संबंधित उच्च न्यायालय के फैसले की जानकारी दी जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भाजपा मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मंडल की आत्मनिर्भर मंडल बैठक शुक्रवार, 3 जुलाई 2026 को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय, मजबूत एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) राकेश पाण्डेय उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। बदलते समय के साथ डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग, बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता तथा जनसेवा के प्रति समर्पण संगठन की सफलता का आधार है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को पूरी ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के



साथ सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम कार्यशाला, जिले से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप मंडल स्तर पर टोली का गठन एवं क्रियान्वयन, बैठक के बाद सरल पोर्टल में जानकारी अपलोड करना, पिछले मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा, शक्ति केंद्र टोली का सत्यापन एवं अनुमोदन, आगामी शक्ति केंद्र बैठकों की कार्ययोजना, मंडल स्तर पर विभिन्न मोर्चों के गठन की समीक्षा तथा बूथ बैठकों की प्रगति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन की आगामी रणनीति एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, मंडल प्रभारी पवन सोनबर्षा, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, वरिष्ठ नेता टोमन साहू, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, मंडल महामंत्री हेमंत साहू एवं तुलेश्वर चंद्राकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा श्रीकांत वर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री नेतराम साहू, जिला भाजयुमो अध्यक्ष गुलशन साहू, कोषाध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, हेमलता देशलहरा, संध्या खरे, चेतन साहू, थानसिंग मंडावी, जिला मंत्री देवेंद्र साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तुलसी साहू, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष ललित साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुणाल कुर्रे, भाजयुमो मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा, गुंडरदेही भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीतीश सोनकर, सरपंचगण, सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के महामंत्री, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

